डी॰ एन॰ एस॰ क्षेत्रीय सहकारी प्रबन्ध संस्थान, पटना
(सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
D.N.S. Regional Institute of Co-operative Management, Patna
(Under Ministry of Cooperation, Govt. of India)

पत्रांक/Ref: DNS/Contract/O.S./Acctt./2023-24/ 514 दिनांक / Date: 24.08.2023

सेवा में,
प्रधान महालेखाकार, बिहार
वीरचंद पटेल पथ,
पटना -- 800 001

विषयः कार्यालय अधीक्षक अथवा समकक्ष पद से सेवा निवृत/अतिशीघ्र सेवानिवृत हेने वाले कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में

महोदय,

अवगत कराना चाहता हूँ कि यह संस्थान सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शत्–प्रतिशत वित्त पोषित संस्था है तथा राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद्, नई–दिल्ली के तहत् पूरे देश में कार्यरत 20 सहकारी प्रबंध संस्थानों में से एक है। यह संस्थान वर्ष 1954 से इस राज्य की सहकारिता एवं संबद्ध विभागों तथा संस्थाओं के अधिकारियों एवं सहकारी संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण का दायित्व वहन कर रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में संस्थान को संविदा के आधार पर एक दक्ष कार्यालय अधीक्षक की आवश्यकता है जिन्हें प्रशासन, कार्यालयी कार्य, सेवा नियमावली, लेखांकन आदि की अद्यतन जानकारी हो, साथ ही उनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नही हो। संबंधित कर्मी को 7वें वेतन आयोग का पे–लेवल–5 के अनुरूप मासिक मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

Admn-I

महोदय से आग्रह होगा कि उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं के आलोक में आपके कार्यालय के **कार्यालय अधीक्षक अथवा समकक्ष पद से सेवानिवृत/अतिशीघ्र सेवानिवृत होने वाले कम–से–कम 4–5 योग्य कर्मियों का नाम संस्थान को प्रेषित करने की कृपा करेंगे** ताकि संस्थान स्तर पर यथाशीघ्र संविदा आधारित कार्यालय अधीक्षक के पद पर नियुक्ति हो सके।

ससम्मान,

A.G.B.
25 AUG 2023
PATNA

भवदीय

(बिनोद प्रसाद)
निदेशक(प्र॰)

शास्त्रीनगर, पटना – 800 023 (बिहार)/Shastri Nagar, Patna – 800 023(Bihar)
दूरभाष/Phone:2283907/2287851(का॰) फैक्स/Fax:0612-2287851ई-मेल/E-Mail : dnsricmpatna@rediffmail.com वेबसाइट/Website: http://ricmpatna.in

"हम हिन्दी मे पत्राचार का स्वागत करते हैं"